## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है । श्री मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत का वीडियो साझा किया और अन्नदाताओं से मिलने के अनुभव को यादगार बताते हुए प्राकृतिक खेती के लाभ की चर्चा की । उन्होंने कहा कि जैविक कृषि पर जनता का भरोसा बढ़ रहा है।

*****************

हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कैदी मो शाहिद अंसारी आज सुबह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर फरार हो गया है । पूरे मामले की जांच की जा रही है। फरार हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिए पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

*****************

कोलकाता में महिला डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में झारखंड समेत देश भर में आज से रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। चार सूत्री मांग को लेकर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने यह घोषणा की है। हालांकि हड़ताल के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

*****************

रांची स्थित नेपाल हाउस सचिवालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कमरा नंबर 211 के कार्यालय में आग लगने से कई दस्तावेज जलकर राख हो गए। जानकारी के मुताबिक ज्वाइंट सचिव अनिल प्रसाद के दफ्तर में आग लगी है। तीन दिन की छुट्टी के बाद आज जब दफ्तर खुला तो देखा कि आग के कारण कमरे का सारा सामान जला हुआ था। आग लगने से सरकारी फाइलों का भी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि शोर्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

*****************

गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पर उसके घरवालों से मुलाकात की। उन्होंने इनामी नक्सली के परिजनों को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी।

*****************

गिरिडीह जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर आमंत्रित हैं। नमो ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

*****************

पवित्र सावन माह की आज चौथी सोमवारी है और बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए राज्यभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। देवघर में देर रात से भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। बाबा के दर्शन के लिए यहां पहुंचे कांवरियों की भीड़ आठ किलोमीटर तक लंबी हो गयी है। उधर, दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम, रांची के पहाड़ी मंदिर और खूंटी के अम्रेश्वर धाम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा का जलार्पण कर रहे हैं।